तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

13 टोकन तूहर हाथ एप नेटवर्क के अभाव...


14 अलग-अलग वार्डों में बनेगा सीसी रोड, हुआ भूमिपूजन


## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख के मान से 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत स्वीकृति प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में सुनील देवांगन पिता जीवनलाल देवांगन, निवासी ग्राम कटगी तहसील कसडोल, मिलन बाई पति स्व. धनीराम, निवासी ग्राम मड़कड़ा, तहसील कसडोल एवं भुनेश्वर वर्मा पिता कन्हैया वर्मा, निवासी ग्राम कोरदा, तहसील लवन शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के आग में जलने एवं महानदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### सतनामी समाज प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कल बिलासपुर में

**गिधौरी**। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी का आवश्यक बैठक 7 दिसम्बर को बिलासपुर महंत बाड़ा में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा एवं बेमेतरा, महासमुंद, कवर्धा, मुंगेली, सहित दुर्ग संभाग में संगठन विस्तार के तहत निर्वाचन मनोनयन पर चर्चा की जाएगी। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश कार्यालय के जमीन खरीदी हेतु आर्थिक सहायता एकत्रित करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। 16 दिसम्बर सतनाम धर्मशाला के स्थापना एवं प्रदेश भर 18 दिसम्बर को ही हर्षोल्लास पूर्वक सादगी से गुरु घासीदास जयंती मनाने पर विचार किया जाएगा। 7 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से समाज में सुगमता पूर्वक न्याय उपलब्ध कराने एवं कानूनी सहयोग मार्गदर्शन के उद्देश्य से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज अधिवक्ता संघ विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को मनोनयन किया जाएगा। प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों सहित प्रदेश के अधिवक्ताओं एवं विधि विभाग के लोग को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की गई है।

# जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा से मरीजों को राहत

## अब तक 5 हजार से अधिक मरीजों का हुआ सीटी स्कैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिला अस्पताल में उन्नत तकनीक से लैस मशीनों से जांच की जा रही है। इसी कड़ी में यहां स्थापित सीटी स्कैन मशीन से रोगों की तुरंत पहचान होने से मरीजों का सही व शीघ्र इलाज संभव हुआ है।

जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में जनवरी 2023 से सीटी स्कैन की सुविधा मरीजों को मिल रही है, जिसमें अभी तक लगभग 5100 मरीजों का सीटी स्कैन किया जा चुका है। प्रतिमाह लगभग 200 मरीजों का सीटी स्कैन किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि सीटी (कम्प्यूटरीकृत टोमोग्राफी) स्कैन एक चिकित्सा इमेजिंग प्रक्रिया है जो शरीर के अंदर की विस्तृत त्रि-आयामी छवियां बनाने के लिए एक्स-रे और कंप्यूटर का उपयोग करती है। यह हड्डियों, मांसपेशियों, अंगों और रक्त वाहिकाओं की विस्तृत छवियां प्रदान करके बीमारियों और चोटों का निदान करने में मदद करता है।




### मरीजों के पैसे एवं समय दोनों की बचत

जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ होने से स्ट्रोक, चोट, फ्रैक्चर, ट्यूमर इत्यादि की पहचान तुरंत हो जाती है। तेजी से सही निदान होने पर इलाज भी समय पर शुरू हो जाता है, जिससे जीवन बचाने की संभावना बढ़ गई है। अब दूर शहरों में जाकर स्कैन कराने की जरूरत नहीं पड़ती। आसपास के क्षेत्र के लोगों को आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधा उनके शहर में ही उपलब्ध हो रही है। इससे मरीजों के पैसे एवं समय दोनों की बचत हो रही है।

## अवैध धान भण्डारण और परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई

# 850 कट्टा पुराना अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी के संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। संदिग्ध बिचौलियों के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रशासन की टीम के निरीक्षण के दौरान 850 कट्टा पुराना अवैध धान जब्त किया गया।

जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम बया में संयुक्त टीम द्वारा विकास ट्रेडर्स पर दबिश दी। जांच टीम ने विकास ट्रेडर्स से लगभग 850 कट्टा पुराना अवैध धान जब्त किया। जब्त धान को ग्राम बया में ही सुरक्षित रखने हेतु तुलसी यादव को सुपुर्द किया गया।




गौरतलब है कि जिले में 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी जारी है। इस दौरान प्रशासन द्वारा बिचौलिए पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि बिचौलये के अवैध धान उपार्जन केंद्रों तक न पहुंच पाए।

### ओड़ान में 305 बोरी अवैध धान जब्त तेलासी में एक गोदाम सील

बलौदाबाजार। एसडीएम पलारी दीपक निकुंज के नेतृत्व में प्रशासन की टीम द्वारा अवैध धान पर जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में पलारी तहसील के ग्राम ओड़ान में 305 बोरी अवैध धान जब्त की गई। जानकारी के अनुसार ग्राम ओड़ान में दिनेश चंद्राकर के धान गोदाम में टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उनके गोढ़ाम में 305 बोरी अवैध रूप से डंप किए गए धान की जब्ती बनाकर एवं सील कर कोटवार के सुपुर्द में दिया गया। ग्राम तेलासी में बंधु हॉलर मिल में दीनबंधु सोनवानी के द्वारा अवैध धान संग्रहण किये जाने के कारण गोदाम सील की गई। इसके साथ ही ग्राम भवानीपुर में ट्रेडर्स चुन्नीलाल साहू के यहां घोषित स्टॉक से अधिक धान पाए जाने पर 46 बोरा धान को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी, खाद्य विभाग एवं मंडी के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।



## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय समन्वयक लेखराम का भाटापारा में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- पत्रकार वार्ता में प्रदेश सरकार पर लगाये कई आरोप

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक पूर्व विधायक लेखराम साहू का शुक्रवार दोपहर नगर आगमन हुआ। स्थानीय विश्रामगृह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रसाव भी विशेष रूप से मौजूद थे। विश्राम गृह पहुंचने पर पूर्व कृषि उपज मण्डी समिति के अध्यक्ष सुशील शर्मा के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरूण यादव, नानू सोनी, अय्यूब बाठिया, सचिन शर्मा, अशोक ध्रुव, राजकुमार शर्मा, मनमोहन कुर्रे आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

रेस्टहाऊस में लेखराम साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र ने मुझे पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक की जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने की दिशा में काम कर रहा हूं। वहीं पिछड़ा वर्ग को ज्यादा से ज्यादा संगठित करने के लिए काम किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी की ▶▶ शेष पेज 13 पर

# 28 लाख का धान भरा ट्रक उड़नदस्ते ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

समर्थन मूल्य पर जारी धान उपार्जन के दौरान कोचिया बिचौलियों के अवांछित कृत्यों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कलेक्टर बलौदाबाजार के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले की चारों दिशाओं में चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं और सतत कार्रवाई के लिए एक उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है।

- अमित चांवल तिल्दा से धान गगनदीप पोहा मिल ले रहा था

इसी क्रम में उड़नदस्ता दल ने भाटापारा में बड़ी कार्रवाई करते हुए 800 कट्टा (320 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया है। यह धान अमित चांवल तिल्दा से गगनदीप पोहा मिल भाटापारा ले जाया जा रहा था।

इस कार्रवाई में राजस्व, खाद्य और मंडी समिति भाटापारा के अधिकारी यशवंत सिंह राज तहसीलदार, लक्ष्मण कश्यप सहायक खाद्य अधिकारी, चुन्नीलाल ध्रुव मंडी सचिव, प्रफुल्ल कुमार माझी मंडी निरीक्षक, सत्यनारायण यादव और श्यामलाल साहू मंडी उप निरीक्षक शामिल थे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान के अवैध परिवहन पर लगाम लगाने के लिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



### नहीं मिले वैध दस्तावेज

उड़नदस्ता दल ने वाहन क्रमांक सीजी 22 जेओ 0860 को रोककर जांच की। मौके पर ट्रक चालक सद्दाम कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। वैध दस्तावेज के अभाव में, उड़नदस्ता दल ने उक्त ट्रक और 320 क्विंटल धान जब्त की गई, जिसका जुमला अनुमानित कीमत लगभग 28 लाख रुपये हैं।

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## जांच में मिली कई अनियमितताएं

# आत्मानंद स्कूल के निरीक्षण में पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- कलेक्टर और डीईओ से कार्रवाई की मांग की

स्वामी आत्मानंद स्कूल निपनिया का विधायक इन्द्र साव ने आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां उन्हें स्कूल के शौचालय व क्लास रूम में गंदगी, अवैध फीस वसूली सहित प्राचार्य बिना सूचना के स्कूल से गायब मिले। विधायक ने इस मामले में गहरी नाराजगी जताते हुए दूरभाष पर कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई और जांच की मांग की है।



विधायक इन्द्र साव ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के संरक्षण में शिक्षा का स्तर इतना ज्यादा गिर गया है कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने बच्चों को निःशुल्क अच्छी शिक्षा देने के लिए खोली गई स्वामी आत्मानंद स्कूल निपनिया में बिना किसी बैठक के बच्चों से बिना रसीद दिये ग्यारह सौ बीस, ग्यारह सौ पचास एवं ग्यारह सौ नाब्बे की दर से प्रति छात्र से स्काउट गाइड, क्रिया कलाप निधि, निर्धन छात्र निधि, विज्ञान क्लब, क्रीड़ा निधि, रेडक्रास निधि, परीक्षा निधि, विज्ञान प्रायोगिक निधि, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के नाम से वसूला जा रहा है। इतनी बड़ी राशि बिना किसी रसीद के लेना संस्था प्रमुख पर किसी ना किसी का वरदहस्त प्राप्त है, क्योंकि इतनी बड़ी रकम बच्चों से बिना रसीद दिए लेना निश्चित रूप में कही ना कही किसी मिली भगत से इंकार नहीं किया जा सकता। विधायक साव ने कहा कि आत्मानंद विद्यालय संचालन के ▶▶ शेष पेज 13 पर

**खबर संक्षेप**

## पथरला केंद्र प्रभारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पिरदा में अस्थाई रूप से पदस्थ

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। शासन द्वारा जारी धान खरीदी नीति की कंडिका 4.2 के अनुसार धान उपार्जन का कार्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं लैम्प्स के माध्यम से किया जाना है तथा कंडिका 20.7 के अनुसार समस्त व्यवस्था एवं कार्यवाही कलेक्टर के निरीक्षण एवं नियंत्रण में संपन्न की जानी है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने धान खरीदी कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारू रखने हेतु पिथौरा के पथरला धान उपार्जन केंद्र प्रभारी श्री प्रहलाद प्रधान को वर्तमान खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए उनके दायित्वों से पृथक करते हुए विकासखण्ड पिथौरा अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा पिरदा में धान खरीदी अवधि तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है।

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने पुस्तक का किया विमोचन



**रायपुर।** इंडियन लॉ हाउस पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित नई पुस्तक "विभागीय जांच कैसे करें" का गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा विमोचन किया गया। इस महत्वपूर्ण विधि-ग्रंथ के लेखक सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव केके बाजपेयी हैं। विभागीय जांच की प्रक्रिया को सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने वाली यह पुस्तक विधि एवं प्रशासनिक कार्यों से जुड़े सभी पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

## स्कूल में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस



**रायपुर।** बजाज कालोनी सेक्टर-1 न्यू राजेंद्र नगर में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्रवण शक्ति नहीं होने के बाद भी संगीत की धुन पर बच्चों के नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसी दौरान सेन समाज के अध्यक्ष मनोज सेन का सम्मान किया गया। सेन एसोसिएशन के सदस्य समय-समय पर स्कूल आकर बच्चों के बाल निशुल्क काटते हैं। इस अवसर पर बच्चों को उपहार दिए गए। इस मौके पर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि दिव्यांग बच्चे वर्तमान दौर में पूरी दुनिया को अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि हम इन बच्चों को स्कूल में कंप्यूटर, चित्रकला, मूर्तिकला, नृत्य, खेल आदि सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नवीन बागरेचा, असीम सहगल, डॉ. नीतू वर्मा, समाजसेवी ध्रुव अग्रवाल, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, सीमा छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

# बुजुर्ग महिला से सोने के लॉकेट की लूटपाट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

## महासमुंद पुलिस ने किया ग्राम मुढ़ीपार के पास महिला के साथ हुए छीनाझपटी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



बुजुर्ग महिला के साथ हुई लूटपाट के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुढ़ीपार में हुई थी जिसमें आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 5 लॉकेट जिनकी कीमत तकरीबन 50 हजार रुपए आंकी गई है, को जब्त कर लिया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकल को भी टीम ने कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसास प्रार्थी भावेश पिता बरातु यादव ग्राम बंसुलाडबरी बागबाहरा ने थाना पिथौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 03 दिसंबर को वह अपनी माता सोनसिर के साथ ग्राम बसुलाडबरी से ग्राम राजाडेरा (अपने मामा घर) अर्जुनी का मेला देखने जा रहा था। लगभग दोपहर 01:30 से 2:00 बजे के मध्य मुढ़ीपार मोड़ (चौक) के पास चेहरा ढंके हुए दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल (स्पोर्टस बाईक ब्लैक) से अचानक पास आए। दोनों व्यक्तियों ने प्रार्थी की माता के गले में पहने हुए सोने के लॉकेट को जबरन छीन लिया। इस दौरान बुजुर्ग महिला सड़क पर गिर गईं, जिससे उनके कोहनी और सिर के पीछे अंदरूनी चोटें आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पिथौरा अपराध धारा 110, 304, 3(5) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फुटेज के आधार पर धरपकड़ में हुई आसानी

विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और संदिग्ध लोगों की पता तलाश के दौरान सूचना मिली कि फुटेज से मिलता जुलता व्यक्ति ग्राम कुटेला, सरायपाली में रहता है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल ग्राम कुटेला जाकर एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने अपना सागर कुमार पिता सजन लाल (20) जाति घसिया निवासी कुटेला थाना सरायपाली का निवासी होना बताया। उससे उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देना लगा, पुलिस टीम को संदेह होने पर व्यक्ति से लगातार पूछताछ करने पर झपटमारी करना स्वीकार किया और बताया कि 03 दिसंबर को वह और उसका दोस्त धनुत्रारी तरिया पिता चतुर्भुज तरिया (24) जाति केंवट निवासी ग्राम छिबर्रा थाना बलौदा के साथ मिलकर ग्राम मुढ़ीपार के पास झपटमारी कर लूटपाट को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने धनुत्रारी तरिया को भी गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## 163 प्रकरणों में 381.40 लीटर मदिरा एवं 1900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अवैध मदिरा के भंडारण एवं विक्रय पर कड़ी निगरानी रखते हुए जिले के सभी आठ आबकारी वृत्तों में माह नवंबर 2025 में सतत कार्रवाई की गई। आबकारी अधिकारी सुनील सूर्यवंशी ने बताया कि आबकारी विभाग के प्रभारी अधिकारियों द्वारा नियमित गश्त एवं दबिश देने के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 163 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें से धारा 34(2) के तहत 19 गैर-जमानती प्रकरण भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान देशी/विदेशी मदिरा, महुआ मदिरा तथा ओडिशा से लाई गई मदिरा कुल 381.40 लीटर तथा 1900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया है, जिसका कुल बाजार मूल्य 2 लाख 80 हजार 907 रुपए है। जिले में आबकारी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा त्वरित शिकायत निवारण की व्यवस्था भी मजबूत की गई है। नागरिक अवैध मदिरा की बिक्री, परिवहन या निर्माण संबंधी किसी भी सूचना के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 07723-299317 तथा राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 14405 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मनपसंद ऐप के माध्यम से भी शिकायतें ऑनलाइन भेजने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## जिला ग्राम पटेल संघ महासमुंद की बैठक 10 को तहसील आफिस में

**महासमुंद।** ग्राम पटेलों की समस्याओं, कर्तव्यों एवं अधिकारो की जानकारी देने एवं शासन से मांग आदि के संबंध में विशेष चर्चा हेतु महासमुंद जिले के सभी तहसीलों के ग्राम पटेलों की बैठक बुधवार 10 दिसम्बर को समय 12 बजे से है। महासमुंद क्षेत्र के राजस्व गांवों के ग्राम पटेल की बैठक तहसील ऑफिस महासमुंद में होगी। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष राजस्व ग्राम पटेल संघ चंद्रशेखर चंद्राकर ने दी है।

# सभी उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 1,64,161 मीट्रिक टन की खरीदी

## कुल 141 प्रकरणों में 22,530 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



राज्य सरकार के मंशानुरूप महासमुंद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। आज धान खरीदी का 16वां दिन है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में आज दिनांक तक कुल 1,64,161 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है तथा 05 दिसम्बर को 212.92 टन धान की खरीदी की जाएगी। इस प्रकार आज शाम तक कुल खरीदी 1,64,374 टन पहुंच जाएगी। किसान समर्थन मूल्य पर धान का उचित दाम मिलने से उत्साहित है तथा किसानों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन कटवाकर शांतिपूर्वक अपनी उपज विक्रय के लिए ला रहे हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन, सहकारिता, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, तौल उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की गई है। सभी उपार्जन केंद्रों में केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन खरीदी का आंकड़ा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण तुलाई, उचित व्यवस्था तथा किसानों को सुचारू सेवा सुनिश्चित की जा रही है। समितियों में धान की गिरदावरी (फसल पंजीयन) मिलान एवं सत्यापन का कार्य भी जारी है, ताकि अवैध विक्रय पर रोक लग सके। निगरानी दलों को 24×7 सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके। राइस मिलों को मिलिंग क्षमता के अनुसार धान उठाव, भंडारण और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भुगतान प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के लिए बैंक व सहकारी समितियां समन्वय कर रही हैं। खरीदी केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो चुकी है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 129 प्रकरण दर्ज किए गए। 12 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 141 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 22,530 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जिसमें महासमुंद जिला छत्तीसगढ़ राज्य में अग्रणी स्थान पर है। जिले के प्रमुख मार्गों, अंतर्राज्यीय जांच चौकी, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार निरीक्षण एवं चौकसी बढ़ा दी गई है।

इसी क्रम में पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत एसडीएम श्री हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अलग-अलग प्रकरण में कुल 1362 कट्टा धान जब्त किया गया है। इनमें पिथौरा स्थित व्हाइट गोल्ड राइस मिल यूनिट 1 में 481 कट्टा अधिक धान पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। वहीं ग्राम सोनासिल्ली पिथौरा में महावीर ट्रेडर्स महावीर साहू द्वारा 131 कट्टा अवैध धान भंडारण किए जाने पर संयुक्त टीम द्वारा मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए धान की जब्ती की गई। ग्राम जम्हर में श्यामदास के घर में लगभग 750 कट्टा रबी फसल धान का अवैध संग्रहण पाया गया। जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर मंडी सचिव पिथौरा को सुपुर्द किया गया।

## ट्रैक्टर में लगी आग, धू-धूकर जलता रहा



**सांकरा।** नेशनल हाइवे-53 सांकरा परसवानी ओवरब्रिज में जानडीएर ट्रैक्टर में आग लग गई, जो घंटों तक जलता रहा। आग बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं होने टैक्टर पूरी तरह जल गया।

# एसआईआर : बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म में 70 प्रतिशत ही जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- उत्तर विधानसभा के कई वार्डों में कांग्रेस प्रभारी ने किया दौरा



रायपुर उत्तर विधानसभा में कांग्रेस कमेटी द्वारा एसआईआर के तहत बीएलओ द्वारा बांटे गए गणना पत्रक की कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी तगतार मानिंटिरंग कर रहे हैं। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने वार्डो का दौरा कर बीएलओ और बीआरओ हर बूथ की जानकारी प्राप्त की। बताया गया है कि एसआईआर के तहत पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, शंकर नगर वार्ड क्रमांक के अंतर्गत 3 वार्डो में एसआईआर के अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड 34 में के 12 बूथों 11736 फार्म बांटे गए जिसमें से 8712 फार्म वापस प्राप्त हुए। वहीं गुरु गोविंद सिंह वार्ड 29 के 12 बूथों में 12865 मतदाता में से 11645 फार्म बांटें गए जिसमें 10215 वापस प्राप्त हुए। शंकर नगर वार्ड के 16 बूथ में कुल 12454 फार्म बांटें गए जिसमें 9721 वापस प्राप्त हुए। इन के साथ ही कालीमाता वार्ड हेमू कल्याणी वार्ड सहित आस पास के वार्डो में 70 प्रतिशत से अधिक फार्म भरे जा चुके हैं। सभी बीएलओ सहित इस कार्य में बड़ी इमानदारी से कार्य कर रहे है वही कुछ जगह पर लापरवाही बरती जा रही है। आम जन उनकी कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं कि की कही अच्छे से कार्य हो रहा है कही कार्य बड़े धीमे गति से कार्य किया जा रहा है।

**कार में चेंबर बनाकर तस्करी कर गांजा मंडला ले जाते धरे गए थे**

# चार गांजा तस्करों को 15-15 साल कैद, डेढ़-डेढ़ लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

*एक वर्ष पूर्व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में राधा स्वामी नगर की घटना*

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व 40 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार चार आरोपियों को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनावाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है, वे गांजा को तस्करी कर मध्यप्रदेश के मंडला ले जाने की फिराक में थे। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार संतोष साहू, नीरज ताम्रकार, ईतवारी नागरची तथा तुलेश्वर साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई गई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को राधास्वामी नगर के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। मंडला निवासी नीरज ताम्रकार ने गांजा को मंडला ले जाने कार बुक की थी। पुलिस को चकमा देने आरोपी कार में एक विशेष चेंबर बनाकर गांजा छिपाकर ले जा रहे थे। चेंबर से गांजा की बदबू आने पर मुखबिर ने पुलिस को गांजा तस्करी होने की जानकारी दी, तब पुलिस ने तस्करों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट की मांग, चैंबर ने कृषिमंत्री नेताम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात की। इस दौरान 2 अलग-अलग विषय पर ज्ञापन सौंपा गया। चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट एवं कृषि उपज आधारित खाद्य प्रसंस्करण मुरमुरा उद्योग को राहत देने की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, छत्तीसगढ़ में प्रसंस्करण उद्योग से करीब 50 हजार से अधिक स्थानीय श्रमिक एवं किसानों की आजीविका सीधे तौर पर जुड़ी है। ऐसे में यदि शुल्क में राहत नहीं दी गई, तो उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और रोजगार प्रभावित होगा। स्मरण पत्र में विशेष रूप से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स और प्रसंस्करण उद्योगों को छूट, कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण एव किसान तथा दलहन-तिलहन व्यापार से जुड़े उद्योगों को शुल्क में छूट देकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं चैंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, जवाहर थारानी,अशोक निहलानी, भाटापारा इकाई अध्यक्ष गुरुमुख गंगवानी, पोहा- मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति भाटापारा अध्यक्ष रंजीत दावानी, एवं अमरलाल सचदेव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज ने मनाया महालक्ष्मी वरदान दिवस, विधि-विधान से की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगहन मास की पूर्णिमा के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा गुरुवार को महालक्ष्मी वरदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल, अध्यक्ष नितेश अग्रवाल और महामंत्री पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में विधि-विधान से मां महालक्ष्मी और भगवान अग्रसेन की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद प्रसादी स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर युवा अग्रवाल मंच के अध्यक्ष ने बताया कि पूरे देश में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महालक्ष्मी वरदान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अगहन मास पूर्णिमा का यह दिन अग्रवाल समाज के लिए विशेष महत्व रखता है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सीताराम अग्रवाल, विष्णु गोयल, राधेश्याम अग्रवाल, राजेश केडिया, निर्मल अग्रवाल, सुरेश चौधरी, नारायण अग्रवाल, कमल गुप्ता, प्रीति अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सुनीता पोद्दार, रेणु पोद्दार, अमिता सिंघानिया, पूनम अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मानस अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, त्रिपत जैन, दिनेश अग्रवाल, अशोक गोयल, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

**इस दौरान कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा**

# रायपुर मंडल में चलेगा ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य, 10 पैसेंजर ट्रेन के थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। बता दें कि यह कार्य 6 से 7 दिसंबर को होगा, जिसे 10 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, तो वहीं झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त करने का फैसला लिया है। यह गाड़ी बिलासपुर व गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। दोनों तरफ से यह गाड़ी प्रभावित रहेगी।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

# प्राचार्य पदोन्नति करने पर शिक्षा मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला महासमुन्द ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से सौजन्य मुलाकात कर वर्षों से बाधित व्याख्याता एलबी से प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए शिक्षा मंत्री का आभार जताया। बता दें कि एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी सहित जिले से कुल 24 व्याख्याता एलबी संवर्ग प्राचार्य के पद पर पदोन्नत हुए हैं।

ज्ञात हो कि 27 वर्षों से एक ही पद में पदस्थ व्याख्याता एलबीके प्राचार्य बनने पर प्रदेश के सभी शिक्षक संवर्ग में खुशी की लहर है। प्राचार्य पदोन्नति होने से सहायक शिक्षक एवं शिक्षक भी अपनी पदोन्नति को लेकर आशान्वित हुए हैं। एसोसिएशन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिक्षक एलबी संवर्ग की मुख्य मांगों का मांग पत्र भी सौंपा है। जिसमें प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन प्रदान करने, पूर्व सेवा गणना करते हुए क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देने, सहायक शिक्षक से शिक्षक एवं प्राथमिक प्रधान पाठक, शिक्षक से व्याख्याता एवं मिडिल प्रधान पाठक की पदोन्नति करने, टेट परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने, व्याख्याता पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त कर सभी प्रशिक्षित वर्ग को पदोन्नत करने, संविलियन में छूट गए शिक्षक एलबी संवर्ग का शिक्षा विभाग में संविलियन आदेश जारी करने सहित अन्य बिंदुओं का मांगपत्र सौंपा है।

**खबर संक्षेप**



### महाविद्यालय में मनाया गया विश्व एड्स पखवाड़ा

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहारकोट के प्राचार्य डॉ. एस.एस तिवारी के मार्गदर्शन में 1 से 15 दिसम्बर तक रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा मनाया गया। जिसका थीम व्यवधानो पर विजय पाएं, एड्स के प्रतिक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाएं था। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के नोडल अधिकारी पीएस ठाकुर के उद्बोधन से हुआ। जिसमें उनके द्वारा विद्यार्थियों को एड्स जैसी संक्रामक बीमारी के रोकथाम व बचाव के उपायो के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात अतिथि व्याख्याता ट्विंकल कुशवाहा द्वारा एड्स जैसी संक्रामक बीमारी के रोकथाम व बचाव के उपायो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रतियागिताओ का आयोजन किया गया था, जैसे- पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियो ने कमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर जागरुकता फैलाने व्याख्याओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई। इस अवसर पर महाविद्यालय से सभी अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।



### डिगेपुर में राज गौर महोत्सव व मड़ई मेला

**नर्रा।** जिले के पिथौरा क्षेत्र के ग्राम डिगेपुर में एक दिवसीय राज गौरा महोत्सव व मड़ई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण व दर्शकों ने ईशर गौरा की पूजा अर्चना कर मड़ई मेले का आनंद लिया। वहीं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रंजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान द्वारा प्रस्तुति दी गई। उत्कृष्ट कला प्रदर्शन पर आयोजककर्ताओं द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्याम लाल ठाकुर, हुमन सिंह ठाकुर, पुष कुमार, लोकेन्द्र सिंह श्याम, तीरीथ सेन, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रेम निषाद, चैतराम यादव, राधेश्याम ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, महेंद्र ध्रुव, गजानंद साहू, परदेशी दास, ओंकार सिंह, पदमनु दास, शीतल, लेखराज समेत ग्राम के लोग उपस्थित रहे।

### उद्योग स्थायी समिति की बैठक 11 को

**धमतरी।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 11 दिसंबर को होगी। सभापति, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की अध्यक्षता में यह बैठक दोपहर 12 बजे से कार्यालय उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी में रखी गई है। इस मौके पर जिले में धान खरीदी, धान खरीदी लिमिट को बढ़ाने, सहकारी समितियों में टिन शेड, शौचालय निर्माण, शक्कर, मिट्टीतेल वितरण, धान के रख-रखाव एवं विपणन, टोकन प्रक्रिया को सरलीकृत करने सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

## आयोजन : सात दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में जुटेंगे श्रद्धालुजन

# सांकरा में कलश शोभायात्रा के साथ शिव महापुराण कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

श्रीमद् भागवत समिति सांकरा द्वारा 7 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 तक संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा व्यास छत्तीसगढ़ के कथावाचक आचार्य पंडित युवराज पांडे जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर होंगे। कथा का आयोजन प्रति दिन दोपहर 3 बजे से ओवरब्रिज के पास श्याम नगर सांकरा जोंक में होगा। शिव महापुराण कथा पश्चात प्रति दिवस भागवत समिति सांकरा द्वारा भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि श्रीमद भागवत समिति सांकरा द्वारा लगातार 17वर्षों से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है तथा धीरे धीरे आयोजन भव्य रूप लेने लगा है। संगीतमय शिव महापुराण कथा में कथा प्रसंग के अंतर्गत 7 दिसंबर को प्रथम दिवस भव्य कलश एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। जहां लड़की कीर्तन पार्टी, कर्मा नृत्य एवं बैंड बाजे के साथ आचार्य पंडित युवराज पांडे का स्वागत करते हुए कलश एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। कथा के द्वितीय दिवस में आचार्य पंडित युवराज पांडे द्वारा शिव पूजन विधि रुद्राक्ष का महत्व एवं ब्रम्हा नारद संवाद का वर्णन किया जाएगा। तीसरे दिन पार्थिव पूजन विधि, दक्ष के तप, शिव वरदान एवं सती तप की कथा सुनाई जाएगी। चौथे दिन शिव विवाह, सती देह त्याग, सती मोह, रामकथा, गंगा उत्पति की कथा, पार्वती जन्म एवं पार्वती तप की कथा का वर्णन किया जाएगा।



पंचम दिवस कामदेव चरित्र, शिव विवाह, अंधकासुर की कथा, श्रीकृष्ण कथा, बानासुर की कथा का वर्णन किया जाएगा। षष्ठम दिवस शिव कथा में शिव के विभिन्न रूपों की कथा शिव महापुराण का सार का वर्णन आचार्य द्वारा सुनाया जाएगा। कथा में सप्तम दिवस पंडित युवराज पांडे द्वारा गीता दान, कपिल तर्पण, पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोज एवं चढ़ोत्री आदि कार्यक्रमों का वर्णन किया जाएगा। विदित हो कि श्रीमद भागवत समिति सांकरा द्वारा विगत 17 वर्षों से भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाता है। कथा सुनने आसपास के गांवों से हजारों लोगों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर कथा श्रवण करते है। कथा पश्चात प्रतिदिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

### कार्यक्रम की तैयारी में जुटे आयोजन समिति

कथा का आयोजन में श्रीमद भागवत समिति सांकरा के सक्रिय सदस्य उमाकांत कानूनगो, गजेन्द्र चौधरी, बजरंग अग्रवाल, अभय दुबे, विनोद अग्रवाल, तुलाराम राणा, आलोक कानूनगो, विजय चौधरी, अनिल चौधरी, मनोज अग्रवाल एवं मनोज प्रधान द्वारा अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा एवं शोभायात्रा मां सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है। वर्तमान समय में पंडित युवराज पांडे द्वारा अपने कथाओं में छत्तीसगढ़ी में पचारा, जसगीत एवं भगवान जगन्नाथ के उड़िया भजन गाया जाता है, जो कि बहुत ही प्रसिद्ध हो रहे हैं।

# टोकन तूहर हाथ एप नेटवर्क के अभाव में ठप, किसान हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

राज्य सरकार का डिजिटल पहल टोकन तूहर हाथ एप्लिकेशन किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। धान बेचने के लिए जरूरी टोकन काटने की प्रक्रिया में गांवों में नेटवर्क की खराबी के कारण सैकड़ों किसान एक साथ जूझ रहे हैं। सुबह आठ बजे का वह समय, जब सर्वर खुलता है, अब तनाव और हताशा का क्षण बनकर रह गया है।

ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की स्थिति दयनीय है। जैसे ही टोकन काटने का समय शुरू होता है, सैकड़ों-हजारों किसान एक साथ एप को ओपन करने की कोशिश में जुट जाते हैं। इस भीड़भाड़ में सर्वर हैवी हो जाता है और नेटवर्क और भी धीमा पड़ने लगता है। किसान घर के छत, आंगन, चौक-चौराहे और यहां तक कि पेड़ों के ऊपर चढ़कर नेटवर्क बार ढूंढते नजर आते हैं। किसान सुरेश कुर्रे ने हाथ में मोबाइल लिए बताया, सुबह से पसीना-पसीना हो गए। पूरा परिवार अलग-अलग जगह खड़ा है, कोई नेटवर्क पकड़ने की कोशिश में। एप ओपन होते ही लोडिंग चलने लगती है और फिर ट्राई अगेन दिखाता है। ऐसे में टोकन कटना मुश्किल हो जाता है।यह स्थिति न सिर्फ किसानों के समय और श्रम की बर्बादी है, बल्कि उनकी मानसिक तनाव को भी बढ़ा रही है। किसानों की मांग है कि या तो टोकन प्रणाली को सरल बनाया जाए, ग्रामीण नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर को तुरंत दुरुस्त किया जाए।

# देवरी में छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी बिहान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपक महिला क्लस्टर्स कोमाखान के कैडर द्वारा विद्यालयीन छात्राओं के सहयोग से नारी शशक्तिकरण एवं समानता को बढ़ावा देने के लिए नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय जेंडर अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय जेंडर अभियान 25 नवम्बर से 23 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने रवाना किया और बताया कि आज के समय में समाज में लैंगिक समानता और हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, महिलाओं, युवतियों के सुरक्षित आवागमन पर ध्यान देना बहुत ही आवश्यक है।



कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव शामिल रहे। रैली में ग्राम देवरी के सरपंच अहिल्या शांता साहू विशेष रूप से उपस्थित रही और बताया कि राष्ट्रीय जेंडर अभियान का मुख्य उद्देश्य घर व समुदाय में महिलाओं के आर्थिक योगदान की पहचान, घरेलू देखभाल कार्य की पहचान और पुनर्वितरण, संसाधनों पर महिलाओं की पहुंच और नियंत्रण के संबंध में जागरूकता जरूरी है। इस अवसर में नारी शशक्तिकरण और जेंडर समानता के लिए सरपंच द्वारा शपथ दिलाई गई।

रैली का नेतृत्व सामूहिक रूप से विद्यालय के व्याख्याता परस राम सिन्हा, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर एवं दीपक, महिला क्लस्टर्स के सदस्य रोशनी कंवर, पीआरपी दीपिका विश्वाश, जीएमटी अंजली, ललिता साहू, निशा निराला, रीना चक्रधारी, चंद्रिका, सरिता चंद्राकर, वर्षा टंडन, चमेली ध्रुव, गुमान पटेल, भुनेश्वरी, बिंदा, शेष बाई, कुंवर, मोतिम, मीना वास, मालती, कमला, कवर यादव सहित कक्षा नवमी और ग्यारहवीं की छात्राओं में ट्विंकल, माधुरी टंडन, फिजा, रीना, पायल, भूपेश्वरी, धनेश्वरी, गायत्री, यामिनी, रिंकी, श्रुति, कुसुम, प्रीति, काजल, मालती, भेष कुमारी, लोकेश्वरी, सुनीता, संगीता, मधु, मोनिका, संजना, पार्वती, संगीता, राशि,रामेश्वरी, तेजस्विनी आदि शामिल रहे।



## विश्व मृदा दिवस पर धनसुली में कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**महासमुंद।** निकरा परियोजना अंतर्गत अंगीकृत ग्राम धनसुली में 5 दिसम्बर 2025 को विश्व मृदा दिवस पर कृषक संगोष्ठी एवं वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा मृदा जांच के महत्व, मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की उपयोगिता, मृदा में जैविक खाद के उपयोग के महत्व, मृदा में पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग से होने वाले लाभ इत्यादि के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा जैविक खेती के लाभ, जैविक खेती की विधियां, जैविक प्रमाणिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि खरीफ फसल की कटाई के बाद फसल अवशेष प्रबंधन कितना आवश्यक है एवं स्वास्थ्य एवं मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। फसल अवशेष प्रबंधन में प्रयोग होने वाले यंत्र एवं सूक्ष्मजीवों की उपयोगिता के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को रबी के मौसम में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं कम जल मांग वाली फसलों को लगाने की सलाह दी गई। साथ ही इन फसलों को लगाने से मृदा एवं पर्यावरण में होने वाले लाभ एवं जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापक्रम के प्रभाव को कम कर भूमिगत जल का किस प्रकार संरक्षण किया जा सकता है। इस बारे में कृषकों से विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यानिकी विशेषज्ञ डा. साकेत दुबे, मृदा वैज्ञानिक डा. कुणाल चन्द्राकर, कार्यक्रम सहायक डा पुनिथा कार्तिकेयन एवं वरिष्ठ अनुसंधान सहायक तरूण प्रधान के द्वारा व्याख्या दिया गया।

## मरार पटेल समाज नर्रा राज की हुई बैठक, कई मामलों का निराकरण

**नर्रा।** मरार पटेल समाज नर्रा राज कार्यकारणी की बैठक ग्राम नर्रा के सामाजिक भवन में मंगलवार को आयोजित की गई। सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी मां शांकभरी देवी की पूजा अर्चना कर की गई। बतौर सभापति नेताराम पटेल के मनोनयन पश्चात पदाधिकारियों का स्वागत हुआ। इस दौरान ग्राम परकोम और राटापाली से आए हुए आवेदन को सभापति से आदेश लेकर इस आवेदन का सुनवाई की गई। जिसमें आवेदनकर्ता को इस संबंध में पूछताछ किया। इस प्रकरण के निराकरण के लिए सात सदस्य टीम गठित कर भेजा गया। जहां सात सदस्य टीम ने सामाजिक नियमावली के तहत सुलझाया गया। इसके पश्चात वार्षिक बैठक व राशि वसूली तथा पंच वर्षीय पदाधिकारियों का चयन के संबंध मे चर्चा अगामी 1 मार्च 2026 रविवार को ग्राम नर्रा के सामाजिक भवन में यह बैठक प्रस्तवित है। इस दौरान सभापति नेतराम पटेल, अध्यक्ष पुरूषोतम पटेल, उपाध्यक्ष ढुकालुराम पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखन लाल पटेल, मीडिया प्रभारी ललित पटेल, सचिव चंदन पटेल, अमरसिंह पटेल, सलाहकार गणेश पटेल, जगदीश पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, मुरली पटेल, रामेश्वर पटेल, रघुराम पटेल, नोहर सिंह, राधेश्याम पटेल, दयाराम पटेल, पुरन पटेल, धनसाय पटेल, जेठूराम पटेल समेत समाज के लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय नौसेना दिवस पर अमर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारतीय नौसेना दिवस पर पूर्व सैनिक संगठन द्वारा अमर वीर शहीदों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष युवराज सिंह चन्द्राकर, प्रदीप कुमार चन्द्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, कनक राम निषाद, लक्ष्मी चन्द, हरीश चन्द्राकर, केएल सोनी, अंजना चन्द्राकर, ज्योति चन्द्राकर, रोहिणी सिंह, पूर्णिमा निषाद, ममता चन्द्राकर, सरला सोनी, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर, अध्यक्ष युवराज सिंह चन्द्राकर ने कहा कि भारतीय नौसेना आज विश्व की सबसे सशक्त है, जो नौसेना दिवस पर हमें उन वीर नौसैनिकों, अधिकारियों और उनके परिवारों के समर्पण के लिए सलाम करने की प्रेरणा देता है, जो निस्वार्थ भाव से देश की रक्षा में लगे हैं। पूर्व सैनिक नंदकिशोर ने कहा कि भारतीय नौसेना दिवस हर साल 4 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन केवल भारतीय नौसेना दिवस पर देशवासियों ने भी अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते है, जो जवानों ने समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में दिन-रात तत्पर रहते हैं। इस दिन 1971 के भारत-पाक युद्ध में हुए ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता को याद किया जाता है, जब भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर ऐतिहासिक हमला कर दुश्मन की युद्ध क्षमता को बुरी तरह कमजोर कर दिया था। बिना किसी हताहत हुए की गई यह कार्रवाई नौसैनिक इतिहास का स्वर्ण अध्याय मानी जाती है। इस खास दिन को सेलिब्रेट करने का सबसे अच्छा तरीका ये है कि हम अपने जांबाज नौसैनिकों के साहस और बलिदान को याद करते हैं।



## शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री यादव से मुलाकात कर की पदोन्नति की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से भेंटकर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। संघ की ओर से अभी हाल में हुए प्राचार्य पदोन्नति पर शिक्षा मंत्री और शासन का आभार जताया तथा प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला एवं व्याख्याता के पद उच्च वर्ग शिक्षकों से शीघ्र ही भरे जाने की मांग की। संघ ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान में शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्यों की भरमार हो गई है। अभी विगत एक महीने से विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे शिक्षक अपने मूल कार्य से वंचित हो गए हैं। संघ ने शिक्षकों से सभी प्रकार के गैर शिक्षकीय कार्यों पर तत्काल रोक लगाने की बात की है। शिक्षा मंत्री ने उपरोक्त समस्याओं को शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। संघ ने यह भी कहा कि पिछले दिनों युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत बड़ी संख्या में शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया था। जिसमें कुछ संकुल समन्वयकों का नाम भी शामिल है, जो स्थानांतरित शाला में कार्यभार ग्रहण तो किए हैं। परंतु, आज पर्यंत नए संकुल समन्वयकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण अपने पूर्व स्थान पर संकुल समन्वयक के पद में कार्य कर रहे हैं। अतः शीघ्र ही संकुल समन्वयकों की नियुक्ति कर स्थानांतरित शाला में उन्हें भेजे जाएं। ताकि, शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। संघ की प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, प्रचार सचिव भगोली राम साहू प्रमुख रूप से शामिल थे।

## वन चेतना केंद्र कोडार में रजत जयंती वाटिका का निर्माण



**महासमुंद।** रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में वनमंडलाधिकारी मयंक पाण्डेय के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन वन चेतना केंद्र कोडार में किया गया। पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में रजत जयंती वाटिका का निर्माण किया गया। इस अवसर पर गोविन्द सिंह उपवनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में सियाराम कर्माकर परिक्षेत्र अधिकारी महासमुन्द, गैंदराम जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत कौंआझर, कुमार सिंह पटेल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बांसकुड़ा, श्यामकुमार ध्रुव उपसरपंच ग्राम पंचायत कौंआझर, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रकृति प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महतारी के नाम सिंदूरी प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में लखिया मांडले, सतीष पटेल, दीपक शर्मा, कौशल आडिल, रूपा चतुर्वेदी, रवि जोशी, उपेन्द्र सिदार, भूपेन्द्र दास, हीरामन साहू, मनोज देवांगन, वन चेतना केन्द्र, कोडार के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

**पेज 11 के शेष**

### कांग्रेस पिछड़ा वर्ग....

कार्यप्रणाली व नीतियों को बताया जा रहा है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जा सके और पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इसके साथ ही साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा भाजपा सरकार आम जनता के हितों का कहीं भी ध्यान नहीं रख रही है। केवल टैक्स और महंगाई के बोझ को आम जनमानस के उपर डाल दिया है। आज सोसायटी में किसानों को धान बेचने के लिए टोकन नहीं मिल रहा है। खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव नहीं हो रहा है। राइस मिलर्स कर्जे के बोझ तले दब गये हैं। भाजपा सरकार की नीति ही समझ नहीं आ रही है। आखिरकार उनकी नीति क्या है यह स्पष्ट नहीं है। वहीं बिजली बिल की दरों में वृद्धि किये जाने से आम जनमानस भारी भरकम बिजली बिल को लेकर परेशान है। जनता को किसी भी प्रकार से कोई राहत नहीं दी जा रही है। भूपेश बघेल की सरकार में हर घरेलू बिजली उपभोक्ता को 400 यूनिट की खपत पर बिजली का बिल आधा लगता था, जिसे भाजपा सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया है। सरकार अन्नदाता किसान परेशान हो गये हैं। कांग्रेस पार्टी इन्हीं सब मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंच रही है व आम जनता के हित के लिए संघर्ष कर उन्हें जागरूक करने का काम कर रही है।

### आत्मानंद स्कूल के...

लिए प्रत्येक वर्ष 1.82 लाख की राशि मिलती है जो पूर्व के दो वर्षों से लेप्स हो चुकी है। वहीं इस वर्ष भी एक लाख ब्यासी हजार की राशि स्कूल को मिल चुकी है, लेकिन आज पर्यंत तक कोई भी कार्य नहीं कराया गया है, जो निश्चित रूप से संस्था प्रमुख की लापरवाही का नतीजा है। विधायक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूल कैंपस में साफ-सफाई का अभाव देखने को मिला और जानकारी लेने पर बताया गया कि हफ्तेभर से साफ सफाई नहीं हुई है। स्कूल के प्राचार्य भी बिना किसी सूचना के स्कूल से गायब मिले। विधायक साव ने इस स्कूल निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितता और बच्चों के मन मस्तिष्क पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को ध्यान में रखते हुए मामले की जानकारी कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को देते है इस पर तत्काल एक्शन लेने की मांग की है। विधायक निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि जीत्तु ठाकुर, सरपंच नरेश ध्रुव, विद्यालय विधायक प्रतिनिधि दिनेश तिवारी, कुलेश्वर वर्मा शाला विकास समिति के सदस्य सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

## शिक्षा मंत्री का विधायक ने किया स्वागत



**महासमुंद।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शुक्रवार को एक दिवसीय जिला प्रवास के दौरान वे स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय पहुंचे, जहां विधायक सिन्हा सहित भाजपा नेताओं ने उनका आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री यादव शिक्षा विभाग के रायपुर संभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेने जिला मुख्यालय पहुंचे थे।

## लोहारडीह में सिकलसेल पर हुई जागरुकता कार्यशाला

**महासमुंद।**श्रीजन कल्याण समाज सेवी संस्था प्रमुख हेमलता राजपूत ने बताया कि 4 दिसंबर को ग्राम पंचायत लोहारडीह में सिकलसेल जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसका उद्देश्य मुख्य रुप से उसका पहचान, ईलाज के प्रति समुदाय को जागृत करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य स्रोत व्यक्ति सभा नई दिल्ली से रीचा द्वारा बताया गया कि यह बीमारी जिसे सिकल सेल कहते यह मुख्य रुप से दो प्रकार का होता है। सामान्य सिकलिन और गंभीर सिकलिन होता है, जो सामान्य जीवन में स्स्या होती है। सिकलिंग एक अनुवांशिक रक्त विकार है। जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य गोल आकार की जगह कठोर, चिपचिपी और हंसिया या केले जैसी अर्धचंद्राकार हो जाती है, जिससे वे रक्त वाहिकाओं में आसानी से नहीं बह पाती। रक्त प्रवाह रुक जाता है। आक्सीजन की कमी होती है और शरीर के अंगों में दर्द व क्षति होती है और खून की कमी हो जाती है। दूसरे वक्ता के रुप में ग्राम पंचायत लोहारडीह उपस्वास्थ्य केन्द्र की आरएचओ लक्ष्मी बर्मन ने बताया कि हमारे द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत व आश्रित ग्राम में किया गया और जिसमें कुछ ग्रामवासियों का सामान्य सिकलसेल पाजीटिव आने के कारण उन्हें दवाई लेने की सलाह, खान पान संबंधित जानकारी दी गई।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 2:45, 7:00, 9:30 PM
तेरे इश्क में
शो समय - 3:45, 6:30 PM
हाय पैसा
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वाधान में आयोजित कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर तीन दिवसीय है, जिसका आयोजन मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा एवं मारवाड़ी युवा मंच भाटापारा शाखा द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथियों प्रेम भूषणिया, आदर्श टाटिया, अनिल चांडक, अमरजीत सलूजा, राधेश्याम शर्मा, तेजप्रकाश जैन, नरेन्द्र भूषानिया संतोष पांडे, देवेंद्र भृगु, सुनील माहेश्वरी, चित्रसेन पुरोहित, हरगोपाल शर्मा, सुरेश भानुशाली, पीयूष जैन, नारायण गिरिधर व्यास, नंदलाल बाजपेई, संघ के प्रचारक विवेकानंद एवं बबिता भृगु व अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मंच के गिरधर अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, गोपाल शर्मा कैलाश बंसल, अमित अग्रवाल, अभिषेक टाटिया, भावेश अग्रवाल, आशीष टोडर, वरुण भूषणिया, कृष्णकांत गोयल, साकेत माहेश्वरी, ऋषभ जोशी, राहुल जोशी,अमिताभ शर्मा कान्हा अग्रवाल कुश शर्मा सहित जागृति शाखा की अध्यक्ष व प्रांतीय चेयर मेन शिवानी शर्मा एवं आरती गांधी, काव्या माहेश्वरी, श्रद्धा बंसल, श्वेता गोलछा उपस्थित रहीं।

## 6 दिसम्बर को यज्ञ स्थल में लगाए जाएंगे कृत्रिम अंग





### 75 लाभार्थियों के हाथ एवं पैर का नाप लिया गया

मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी ने मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मंच द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सिद्धार्थ गोलछा द्वारा किया गया। शिविर में 75 लाभार्थियों के हाथ एवं पैर के नाप लिए गए, जिनके कृत्रिम अंग 6 दिसम्बर, शनिवार को यज्ञ स्थल में लगाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### 20वीं अंतर जिला व्हालीबॉल का सलेक्शन ट्रायल्स कल सिमगा में

**सिमगा।** 20वीं अंतर जिला व्हालीबाल चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 28 दिसंबर को भिलाई के पंत स्टेडियम में किया जा रहा है। इसके लिए बलौदाबाजार भाटापारा जिला व्हालीबॉल टीम का गठन किया जाना है। जिला व्हालीबॉल संघ के सचिव नितिन पांडेय ने बताया कि इसके लिए 7 दिसम्बर रविवार को सिमगा पुलिस थाना मैदान में सलेक्शन ट्रायल्स का आयोजन प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। पांडेय ने जिले के सभी खिलाड़ियों को सलेक्शन ट्रायल्स में शामिल होने की अपील की है। चयनित खिलाड़ियों को सौभाग्य फाउंडेशन के तरफ से कीट प्रदान किया जाएगा। इसके लिए सिमगा में आशुतोष शर्मा, अशोक यादव और आर्नेष्ट लाल से संपर्क कर सकते हैं।

### नेशनल लोक अदालत का 13 दिसंबर को

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद धारा 138 मामले, किराया, बैंक वसूली, विद्युत चोरी के राजीनामा योग्य मामले, जिला न्यायालय में लंबित भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण एवं राजस्व मामले एवं अन्य मामलों का निराकरण के प्रकरण शामिल है। इसी तरह प्री-लिटिगेशन संबंधी मामले विवाद पूर्व-सुलह समझौते जैसे कि बैंक के ऋण वसूली, विद्युत बिल के बकाया वसूली एवं अन्य वित्तीय संस्थान के प्रकरण भी आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में न्यायालयीन प्रकरण समाप्त होने से पक्षकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित होते है। उनके विवाद का निपटारा होने से मधुर संबंध बनते हैं।

### अलुमनी विवेक ने किया पुस्तक दान

**महासमुंद।** पीजी कॉलेज के अलुमनी एसोसिएशन मेंबर विवेक रहाटगाँवकर द्वारा महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे को महाविद्यालय के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए एक दिन हमरो आही छत्तीसगढ़ी भावानुवाद और विरासत पुस्तक की संशोधित प्रति दान की गई। डॉ रीता पांडेय ने बताया कि उक्त पुस्तक को ग्रंथालय के दान रजिस्टर में अंकित कर हिंदी शोध केंद्र को प्रदान की गई। ताकि, शोधार्थी लाभान्वित हो सके। महाविद्यालय परिवार एवं अलुमनी समिति के संरक्षक करुणा दुबे, अध्यक्ष अमृत चोपड़ा, अजय कुमार राजा, एसआर रात्रे ने उत्कृष्ट कार्य को सराहा।

## निधन

### धरमचन्द जैन



**सिमगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष धरमचन्द जैन का शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अन्त्येष्टि सिमगा के मुक्तिधाम में हुई। वह मनीष जैन के पिता थे। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। अंतिम यात्रा में विधायक इन्द्र साव, शैली भाटिया, अनिल पांडेय एवं सुनील माहेश्वरी सहित नगरवासी उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिल वितरित की गई

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किए वैज्ञानिक मॉडल






हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी एवं कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, शाला विकास समिति अध्यक्ष शीला संजीव साहू, भाजपा नेता संजीव साहू तथा पार्षद प्रतिनिधि रमाकांत पटेल उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एमएल अमलीवार ने की। विद्यालय की छात्राओं ने व्याख्याता कृष्ण कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट एवं नवीन वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए, जिनकी अतिथियों ने सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालय से पढ़कर भी विद्यार्थी बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भटगांव से लगभग 10 एमबीबीएस डॉक्टर हैं, जिन्होंने यहीं के शासकीय विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है।

अधिकारी भी सरकारी स्कूल से ही पढ़कर आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपने लक्ष्य पर ध्यान देकर निरंतर आगे बढ़ें, सफलता अवश्य मिलेगी।

वहीं विज्ञान मॉडल बनाने वाली सभी छात्राओं को नगद राशि एवं मैडल देकर सम्मानित किया व प्रदीप देवांगन उपाध्यक्ष ने विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल देखकर सभी छात्राओं की सराहना की और उन्हें अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

शाला विकास समिति अध्यक्ष शीला संजीव साहू ने अगले वर्ष और भी भव्य आयोजन करने की बात कही। कक्षा 9वीं की छात्राओं को शासन की योजना अंतर्गत साइकिल वितरण भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह का वातावरण रहा।

अंत में प्रभारी प्राचार्य एमएल अमलीवार ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को विज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्था में समस्त विद्यालय स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

## आनंद मेले में छात्रों ने लगाए विभिन्न व्यंजनों का स्टाल

**भाटापारा।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम दतरंगी के शहीद संतोष सिंह ध्रुव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आनंद मेले का शुभारंभ मुख्य अथिति जिला पंचायत सभापति कांतराजा जयसवाल, प्राचार्य व जनप्रतिनिधियों ने किया। विद्यालय स्तर पर आयोजित इस आनंद मेले में छात्र-छात्राओं ने तरह-तरह के व्यंजन बनाकर बिक्री किए। इस मौके पर सभापति जिला पंचायत श्रीकांत राजा जायसवाल ने सभी स्टालों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से बातचीत की। इस अवसर पर जायसवाल ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ इस तरह के रचनात्मक आयोजन होते रहने चाहिए, क्योंकि इस प्रकार का आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, व्यवसायिक कौशल और सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने पानीपूरी, भेल, गुलाब जामुन, ठेठरी, खुरमी, चीला, छोले-भटूरे बड़ा, ब्रेड पकौड़ा, पास्ता व मनोरंजन के लिए रिंग फेंक, बाल फेंक का स्टाल लगाया था। कार्यक्रम में प्राचार्य वर्मा शिक्षक-शिक्षिका शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्यों के साथ भाजपा ग्रामीण मंडल के महामंत्री खुमान सिंह वर्मा, प्यारेलाल रजक, अनिल हरप्रसाद वर्मा, देवप्रसाद साहू, खेतहार जायसवाल, विजय वर्मा, दुखरण वैष्णव, वृहद संख्या में स्कूली बच्चों के साथ अभिभावक व ग्रामीण शामिल हुए।



# राष्ट्रव्यापी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा के लिए निकाली जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

उल्लास राष्ट्रव्यापी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय छड़िया द्वारा संयुक्त रूप से रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से गांववासियों को आगामी परीक्षा के महत्व एवं उससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं प्रधान पाठक शांता पठारे ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा आगामी रविवार 7 दिसंबर को आयोजित की जाएगी, जिसका समय प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी समुचित व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा परीक्षार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे, भारती तांती और सुनीता जंघेल उपस्थित रहे और उन्होंने रैली के आयोजन में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## हायर सेकंडरी के छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




**सेल।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 50 बच्चों का विभिन्न समस्याओं जैसे बीपी, मधुमेह, चक्कर आना, बेचैनी जैसी समस्याओं का जांच कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया गया और अस्पताल जाने के लिए प्रेरित किया गया। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी घबराहट बैचेनी एवं अन्य समस्याओं के बारे में सभी को जानकारी प्रदान की गई। इसमें बी एमओ डॉ.रवि अजगल्ले, आरएचओ गिरधर कर्ष एवं साइकोलॉजिस्ट विल्सन मनहर द्वारा उचित उपचार एवं मार्गदर्शन दिया गया। प्राचार्य सीएम साहू द्वारा समस्यगत बच्चों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं सभी को अपने स्वास्थ्य का उचित ध्यान रखने प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग प्रदान किया।

# उपभोक्ता आयोग ने विधवा को दिलाई बीमा क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार।** बीमा कंपनी द्वारा विधवा को बीमा की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को मामले में राशि 5 लाख एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने के आदेश पारित किया। जानकारी के अनुसार भाटापारा निवासी रूखमणी यादव ने अपने पति का बीमा अनावेदक दी न्यू ओरियेंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर से कराया था। आवेदिका के पति की असामयिक मृत्यु करंट लगने के वहज से हो गई, जिसकी बीमा राशि प्राप्त किये जाने हेतु बीमा कंपनी के यहां प्रस्तुत किया गया। बीमा कंपनी द्वारा बीमा क्लेम को विलंब का आधार बनाकर आवेदिका को बीमा राशि से वंचित रखा गया, जिससे क्षुब्ध होकर आवेदिका रूखमणी यादव ने उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार में प्रकरण प्रस्तुत किया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला एवं शारदा सोनी ने मामले की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म निष्कर्ष दिया कि अनावेदक द्वारा आवेदिका के पति का मृत्यु उपरांत भी प्रीमियम राशि की कटौती गई है एवं उच्चतम न्यायालय के न्याय दृष्टांतानुसार केवल विलंब के आधार पर दावा निरस्ती को उचित नहीं माना जा सकता है। सेवा में कमी मानते हुए अनावेदक न्यू ओरियेंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर को बीमा की क्षतिपूर्ति राशि 5 लाख आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

### खम्हरिया में शिव महापुराण कथा 9 से

**महासमुंद।** ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों द्वारा शिव महापुराण तथा महोत्सव का आयोजन 9 से 16 दिसंबर तक किया गया है। आचार्य तेजप्रसाद दुबे व मार्गदर्शक पंडित जितेंद्र प्रसाद दुबे के सानिध्य में प्ररायणकर्ता निशा किशोरी होंगी। इसी तरह भगवान शिव की महिमा का बखान प्रिया किशोरी करेगी। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। 9 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदीपूजन और शिव पुराण महात्म से कथा प्रारंभ होगा। 10 दिसंबर को शिव पूजन विधि, सृष्टि वर्णन, शिवशक्ति बोध, 11 को सती चरित्र दक्ष वृतांत, शक्तिपीठ वर्णन, 12 को पार्वती कथा, शिव पार्वती विवाह कथा का बखान किया जाएगा। इसी तरह प्रिया किशोरी 13 को तारकासुर कथा, कार्तिकेय, गणपति चरित्र, 14 को जलाधर वाणासुर कथा, शिव अवतार, 15 को पंचाक्षर महिमा व द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा श्रवण कराएंगे।

# अलग-अलग वार्डों में बनेगा सीसी रोड, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसमें नयागंज वार्ड में 19.69 लाख, गुरुनानक वार्ड में विभिन्न स्थानों पर उच्च गुणवत्ता युक्त सीसी सड़कों के निर्माण की आधारशिला रखी गई, जिसकी कुल लागत 22.66 लाख निर्धारित की गई है।

इसी प्रकार इन सभी विकास कार्यों की कुल अनुमानित लागत 42.35 लाख है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, धूल व कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी तथा आम नागरिकों का जीवन और अधिक सुगम होगा।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा भाटापारा के विकास के लिए सड़क, नाली, पानी और स्वच्छता जैसे बुनियादी ढांचों को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता रही है। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, वे सिर्फ सड़कें नहीं बल्कि क्षेत्र के उज्वल भविष्य की नींव हैं। आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण विकास कार्य भाटापारा को मिलेंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है। इन सीसी रोड निर्माण कार्यों से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। भाटापारा के सर्वांगीण विकास के लिए नगर पालिका निरंतर प्रतिबद्ध है और आगे भी विकास की नई योजनाएं लाई जाती रहेंगी।

## 10 लाख में सीसी रोड व 9.80 लाख की लागत से बनेगा भवन

# सीसी रोड और पीडीएस भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम बड़े जरौद में गुरुवार को विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 10 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सीसी रोड तथा 9.80 लाख की लागत से स्वीकृत पीडीएस भवन का विधिवत भूमिपूजन हुआ। उक्त दोनों कार्य जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव की अनुशंसा पर स्वीकृत हुए हैं तथा भूमिपूजन भी उन्हीं के द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष दौलतपाल, मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, सरपंच ज्ञान सिंह पाल, बसंत कोसले, रोशन वर्मा, भगवानदास जोगी, प्रेमचंद साहू, लक्ष्मीनारायण टंडन सहित समस्त पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव ने कहा कि ग्राम बड़े जरौद के विकास के लिए यह दोनों कार्य अत्यंत आवश्यक थे। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड एवं पीडीएस भवन की अनुशंसा मैंने जिला पंचायत में की जिसे स्वीकृति मिली। आज इन कार्यों का भूमिपूजन कर मुझे प्रसन्नता है। आने वाले दिनों में भी मैं इसी तरह गांव-गांव में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाता रहूंगा। उन्होंने बताया कि सीसी रोड के निर्माण से आवागमन में सुविधा बढ़ेगी और पीडीएस भवन तैयार होने से खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित व पारदर्शी होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411